

**प्रशान्त कुमार**
आई.पी.एस.

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**
पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।

दिनांकः फरवरी 04, 2024

# संदेश

वर्ष 1861 में व्यवस्थापित भारतीय पुलिस की गौरवशाली परम्परा में वर्ष 1952 में उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर प्राप्त हुआ तथा विश्व के विशालतम पुलिस बल का नेतृत्व आई0जी0पी0/डी0जी0पी0 रैंक के अधिकारियों द्वारा किया गया। उसी गौरवशाली परम्परा के ध्वज वाहक के रूप में मुझ पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस स्वर्णिम इतिहास वाले पुलिस बल की गौरवपूर्ण परम्पराओं को हमें संजोये रखना है। यही एक सेवा है, जो हमे ऐसे अधिकार प्रदान करती है, जिससे हम महिलाओं, बच्चों, जरूरतमंद व कमजोर वर्ग के लोगो की त्वरित सहायता कर उन्हे न्याय दिला सकते हैं। अपने जीवन में नैतिकता, सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता को अंगीकृत कर पुलिस सेवा पूरे मनोयोग के साथ करें, जिससे कि सार्वजनिक जीवन में शुचिता एवं पारदर्शिता बनी रहे। इस बल का मुखिया होने के नाते मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूँ कि उत्तर प्रदेश पुलिस आपकी सहायता हेतु सदैव तत्पर है।

मा0 मुख्यमंत्री जी के बहुमूल्य निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत् उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश को अपराध मुक्त करते हुये एक सुरक्षित एवं समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया है। प्रदेश में माफिया/अपराधियों की विरूद्ध कड़ी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। प्रदेश में अपराधों के शत–प्रतिशत पंजीकरण एवं अपराधों पर प्रभावी नियत्रंण से जनमानस में सुरक्षा की भावना में हुयी बढ़ोत्तरी के साथ–साथ पुलिस की छवि मित्र पुलिस के रूप में स्थापित हुयी है।

मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में अपराधियों को कम से कम समय में सजा दिलाये जाने हेतु ''आपरेशन कन्विक्शन'' प्रारम्भ किया गया, जिसके तहत् जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी व उनके विरूद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक तथा अभियोजन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यूनतम समय में अधिक से अधिक सजा दिलायी जा रही है।

प्रदेश की महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों आदि को सुरक्षा प्रदान करने हेतु ''आपरेशन त्रिनेत्र'' प्रारम्भ किया गया है, जिसमें महत्वपूर्ण स्थानों यथा–चौराहा/तिराहा, बैंक, स्कूल/कालेज, व्यापारिक प्रतिष्ठान, पेट्रोल पम्प, ग्राहक सेवा केन्द्र, होटल, गेस्ट हाउस, सर्राफा दुकान, धार्मिक स्थल आदि पर आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन/संचालन पूरे प्रदेश के सभी थाना क्षेत्रों में किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन–शक्ति' अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी की नियुक्ति की गयी तथा समस्त जनपद/कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थानों पर 'महिला साइबर हेल्पडेस्क' स्थापित किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में पी0ए0सी0 महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना की गयी है। प्रत्येक जनपद में महिला थाना के अतिरिक्त एक अन्य थाने पर महिला थाना प्रभारी की नियुक्ति की गयी है।

प्रत्येक स्तर के पुलिस अधिकारी स्वयं आगे आकर अपने कार्य व आचरण से अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुये अपने अधीनस्थों का कुशल नेतृत्व करें तथा अधीनस्थ कर्मियों की कार्यक्षमता वृद्धि एवं उनमें नेतृत्व के गुणों का विकास करें।

पुलिस कार्मिकों द्वारा किये गये अच्छे कार्यो की प्रशंसा करें एवं उनके उत्साहवर्धन हेतु उन्हे पुरस्कृत करें, जिससे कि वे दृढ़ इच्छाशक्ति एवं पूर्ण मनोयोग के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। कार्यस्थलों पर आपसी सामन्जस्य व समन्वय से स्वस्थ वातावरण बनाते हुये टीम भावना के तहत कार्य करें।

पुलिस बल हमारा एक परिवार है और इस परिवार का मुखिया होने के नाते उनकी सारी सुख–सुविधाओं का ध्यान रखना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल के कल्याणार्थ एवं सुख–सुविधा हेतु यथासम्भव प्रयास किया जायेगा।

सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर 24X7 निगरानी हेतु प्रदेश के सभी जनपद/कमिश्नरेट, परिक्षेत्र एवं जोनल मुख्यालय पर सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है, जिनकी निगरानी मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेन्टर के पर्यवेक्षण में की जाती है, जिनके माध्यम से न सिर्फ जनशिकायतें प्राप्त होती है, बल्कि छोटी–छोटी घटनाओं की त्वरित जानकारी भी मिलती है, इन पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाती है, साथ ही सोशल मीडिया में प्रचारित फेक न्यूज का खंडन भी किया जाता है।

दिनांक 22.01.2024 को श्रीराम जन्मभूमि, तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति स्थापना (प्राण प्रतिष्ठा) तथा मन्दिर का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार तथा देश/विदेश एवं भारत के विभिन्न राज्यों से अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों, गणमान्य व्यक्तियों तथा भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम को कुशल पुलिस प्रबन्धन व सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था से सद्भावपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराया गया, जिसकी देश एवं विदेश में भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं महाकुम्भ एक बड़ी चुनौती है। इसके दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था एवं अपराध नियत्रंण हमारे लिये अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर इन चुनौतियों का सूझ–बूझ एवं धैर्य के सामना करते हुये प्रदेश की जनता को उच्च कोटि का पुलिस प्रबन्ध प्रदान करने में सफल होंगे।

समाज की अपेक्षायें भी हमसे प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। एक सलाहकार, संरक्षक व त्राता की भूमिका निभाते हुए हमें समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी अपेक्षाओं पर और अधिक खरा उतरना है। साथियों, सेवा के दौरान आने वाली चुनौतियां और कठिनाईयां समय–समय पर हमारी परीक्षा लेती रहती है। मुझे आशा ही नही अपितु मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम अपनी व्यवसायिक दक्षता और दृढ़ मनोबल से इनका सामना करते हुये पुलिसिंग का नवीन मापदण्ड स्थापित करेंगे।

जय हिन्द!